संसद सदस्यों ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 03 दिसम्बर, 2015 : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू; राज्य सभा के उपसभापति प्रो. पी.जे. कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बिदुरै; और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर आज संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

डा. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य लोगों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी डा. राजेन्द्र प्रसाद को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डा. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।